नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Bhilai City - 30 Jul 2025 - 30bh2
epaper.navabharat.news

# गौरवशाली इतिहास बनाएंगे- गजेंद्र

## पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय का लोकार्पण



**दुर्ग।** अखिल भारतीय समग्र शिक्षा कार्यक्रम 2025 के अंतर्गत देशभर के लगभग 644 पीएम श्री विद्यालय का उद्घाटन केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के कार्यक्रमों द्वारा दिल्ली स्थित भारत मंडपम से समारोह में किया गया। भारत भर से 24 पीएम श्री केंद्रीय विद्यालयों को इसमें शामिल किया गया। दिल्ली से आयोजित शिक्षा मंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण अतिथियों, विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं अभिभावकों एवं विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों द्वारा देखा गया।

इसी कार्यक्रम के अंतर्गत की पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में गजेंद्र यादव विधायक दुर्ग शहर शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में रवींद्र कुमार सहायक आयुक्त, केंद्रीय विद्यालय संगठन रायपुर संभाग एवं श्रीमती रजनी बघेल एवं विद्यालय प्रबंध समिति के गणमान्य सदस्यों ने भाग लिया। विद्यालय के प्राचार्य उमाशंकर मिश्र ने पौधा भेंट करके सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अजय आर्य, बिंदु शिवराजन एवं उषा शर्मा ने किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गजेंद्र यादव विधायक दुर्ग शहर ने कहा- लार्ड मैकाले की शिक्षा पद्धति ने भारतीय ज्ञान परंपरा की उपेक्षा की और उन्होंने इसका उद्देश्य स्पष्ट करते हुए कहा था कि भारत के लोग हमारी शिक्षा से काले अंग्रेज बन जाएंगे। उनकी सोच में भारतीयता बिल्कुल नहीं होगी। प्रधानमंत्री और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नई शिक्षा नीति के माध्यम से भारतीय ज्ञान परंपरा को शिक्षा का अभिन्न अंग बनाया है। इसमें इनोवेशन, खोज नवाचार आदि को शामिल किया गया है। अब बच्चे कक्षा में पढ़ते समय ही तकनीक को सीख रहे हैं। मुझे आशा है कि केंद्रीय विद्यालय दुर्ग के छात्र भी भविष्य में समाज का गौरवशाली इतिहास बनाने में अपनी भूमिका निभाएंगे। विधायक गजेंद्र यादव ने पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय दुर्ग का लोकार्पण किया। इस अवसर पर रजनी बघेल, सहायक आयुक्त रवींद्र कुमार, प्राचार्य उमाशंकर मिश्र शामिल हुए।

सहायक आयुक्त रवींद्र कुमार ने नई शिक्षा नीति को व्यावहारिक और समाज की आवश्यकताओं के अनुरूप बताया। उन्होंने कहा की नई शिक्षा नीति छात्र-छात्राओं की प्रतिभा को दिशा दे रही है। पाठ्यक्रम संरचना, बहुभाषावाद को बढ़ावा देना, व्यावसायिक शिक्षा को शामिल करना, और तकनीक आधारित शिक्षा को बढ़ावा देना नई शिक्षा नीति के महत्वपूर्ण गुण है। नई शिक्षा नीति में भारतीय ज्ञान परंपरा भारतीय भाषा और भारतीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखा गया है।

उमाशंकर प्राचार्य केंद्रीय विद्यालय, दुर्ग धन्यवाद ज्ञापन किया। एनसीसी कलर पार्टी ने अतिथियों का स्वागत एवं उन्हें एस्कॉर्ट किया। कार्यक्रम में पुष्पा बड़ा, संजीव भदोरिया, प्रकाश देवांगन, डॉ अजय आर्य,रचना पाल, गीता माली, तोशन लाल साहू, नीता दास, एमके भारद्वाज, अमरनाथ सिंह, बिंदु शिवराजन, उषा शर्मा, एमके बोरकर सहित विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य, छात्र एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

भिलाई भास्कर 30-07-2025

# केवी के विद्यार्थी गौरवशाली इतिहास बनाएंगे : गजेंद्र यादव



कार्यक्रम में छात्रों के साथ उपस्थित रजनी बघेल और विधायक गर्जेंद्र।

सिटीरिपोर्टर|भिलाई

अखिल भारतीय समग्र शिक्षा कार्यक्रम 2025 के अंतर्गत देशभर के लगभग 644 पीएमश्री विद्यालय का वर्चुअल उद्घाटन केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने किया। इस दौरान दुर्ग केवी में मुख्य रूप से विधायक गर्जेंद्र यादव मौजूद थे। उन्होंने कार्यक्रम का सीधा प्रसारण शिक्षकों और छात्रों के साथ देखा। विधायक गर्जेंद्र ने कहा कि लार्ड मैकाले की शिक्षा पद्धति ने भारतीय ज्ञान परंपरा की अपेक्षा की और उन्होंने इसका उद्देश्य स्पष्ट करते हुए कहा था कि भारत के लोग हमारी शिक्षा से काले अंग्रेज बन जाएंगे। उनकी सोच में भारतीयता बिल्कुल नहीं होगी। प्रधानमंत्री और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नई शिक्षा नीति के माध्यम से भारतीय ज्ञान परंपरा को शिक्षा का अभिन्न अंग बनाया। इसमें इनोवेशन, खोज नवाचार आदि को शामिल किया गया है। केंद्रीय विद्यालय के छात्र समाज का गौरवशाली इतिहास बनाएंगे। इस अवसर पर रजनी बघेल, सहायक आयुक्त रवींद्र कुमार, प्राचार्य उमाशंकर मिश्र, डॉ. अजय आर्य, बिंदु शिवराजन आदि मौजूद थे।

# केंद्रीय विद्यालय के छात्र समाज का गौरवशाली इतिहास बनाएंगे : विधायक गजेंद्र यादव

## पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय का लोकार्पण

समवेत शिखर संवाददाता



दुर्ग। अखिल भारतीय समग्र शिक्षा कार्यक्रम 2025 के अंतर्गत देशभर के लगभग 644 पीएम श्री विद्यालय का उद्घाटन केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के कार्यक्रमों द्वारा दिल्ली स्थित भारत मंडपम से भव्य समारोह में किया गया। भारत भर से 24 पीएम श्री केंद्रीय विद्यालयों को इसमें शामिल किया गया।

दिल्ली से आयोजित शिक्षा मंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण माननीय अतिथियों, विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं अभिभावकों एवं विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों द्वारा देखा गया। इसी कार्यक्रम के अंतर्गत की पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय दुर्ग का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में गजेंद्र यादव विधायक दुर्ग शहर शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में रवींद्र कुमार सहायक आयुक्त, केंद्रीय विद्यालय संगठन रायपुर संभाग एवं श्रीमती रजनी बघेल एवं विद्यालय प्रबंध समिति के गणमान्य सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम के पूर्व चरण में मां सरस्वती की प्रतिमा पर अतिथियों ने पुष्प अर्पित किए एवं दीप प्रचलन किया।

विद्यालय के प्राचार्य उमाशंकर मिश्र ने पौधा भेंट करके सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अजय आर्य,बिंदु शिवराजन एवं उषा शर्मा ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गजेंद्र यादव विधायक दुर्ग शहर ने कहा -लार्ड मैकाले की शिक्षा पद्धति ने भारतीय ज्ञान परंपरा की अपेक्षा की और उन्होंने इसका उद्देश्य स्पष्ट करते हुए कहा था कि भारत के लोग हमारी शिक्षा से काले अंग्रेज बन जाएंगे उनकी सोच में भारतीयता बिल्कुल नहीं होगी। प्रधानमंत्री और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान जी ने नई शिक्षा नीति के माध्यम से भारतीय ज्ञान परंपरा को शिक्षा का अभिन्न अंग बनाया है । इसमें इनोवेशन, खोज नवाचार आदि को शामिल किया गया है। अब बच्चे कक्षा में पढ़ते समय ही तकनीक को सीख रहे हैं ए आई को सीख रहे हैं, ड्रोन चला रहे हैं मशीन लर्निंग हो रही है किचन गार्डन बहुत सारी गतिविधियों को पीएम श्री गतिविधियों के रूप में शामिल किया गया है। इससे छात्रों की सर्वांगीण विकास की परिकल्पना साकार होगी। मुझे आशा है कि केंद्रीय विद्यालय दुर्ग के छात्र भी भविष्य में समाज का गौरवशाली इतिहास बनाने में अपनी भूमिका निभाएंगे। उन्होंने एक घटना का जिक्र करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ का एक क्षेत्र मुंगेली है वहां पर एक व्यक्ति माननीय मंत्री से मिलने के लिए गया और उन्होंने कहा कि मैं क्या करूं। तो मंत्री ने पूछा कि आप क्या कर सकते हैं तो उसने कहा कि मैं एक किसान हूं। मंत्री ने उन्हें जैविक खेती के लिए प्रोत्साहित किया और वर्तमान समय में वह अपनी जैविक खेती की मार्केटिंग करके देश-विदेश ने अपने प्रोडक्ट भेज रहे हैं और करोड़ों का टर्नओवर वर्तमान में कर रहे हैं। वर्तमान समय में एक्सपोजर बहुत है आप मीडिया का प्रचार तंत्र का उपयोग करके अपने प्रोडक्ट को देश-विदेश तक तत्काल भेज सकते हैं। इसीलिए शिक्षा के साथ कौशल विकास आवश्यक है। वर्तमान सरकार का यह उद्देश्य है कि भारतीय शिक्षा पद्धति हमारे छात्रों को नौकरी खोजने वाला न बनाएं अपितु आत्मनिर्भर बनाकर के उन्हें समृद्ध, सशक्त और नई खोज करने वाला बनाए। विधायक गजेंद्र यादव ने पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय दुर्ग का लोकार्पण किया।